भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1160

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक

1160. श्री भोला सिंह:
डॉ. जयंत कुमार राय:
श्री विनोद कुमार सोनकर:
डॉ. सुकान्त मजूमदार:
श्री राजा अमरेश्वर नाईक:
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:
श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या)

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का अन्य देशों की तरह भारत का अपना कार्बन व्यापार बाजार बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का कार्बन व्यापार योजना को कार्यान्वित करने के लिए ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 के माध्यम से विधान में परिवर्तन करने का विचार है, जिसमें ऐसे सभी मौजूदा व्यापार योग्य प्रमाण-पत्र समाहित हो जाएंगे;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का स्वैच्छिक बाजार से आरंभ करने और धीरे-धीरे 'कैप एंड ट्रेड' में बदलाव करने का विचार है, जहां उद्योगों को यूरोपीय संघ के उत्सर्जन व्यापार प्रणाली के बाजारों की तरह उत्सर्जन लक्ष्य दिए जाते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या भारत कार्बन क्रेडिट का सबसे बड़ा निर्यातक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण परियोजनाओं और उत्सर्जन में कमी के लिए वित्त अवसरों को बढ़ावा देने के संबंध में कार्बन व्यापार बाजार स्थापित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ) : संसद ने ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 पारित किया है और यह दिनांक 1 जनवरी, 2023 से प्रभावी हो गया है। इसमें "कार्बन व्यापार ट्रेडिंग स्कीम निर्दिष्ट करना" संबंधी प्रावधान शामिल हैं। कार्बन व्यापार स्कीम का डिजाइन सभी प्रासंगिक पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के बाद नियमों के माध्यम से निर्धारित किया जाना है, जिसमें व्यापार योग्य प्रमाण पत्रों की मौजूदा स्कीमों को एकल राष्ट्रीय कार्यढांचे में बदलना शामिल है। इन नियमों के अनुसरण में, कोई भी पंजीकृत कंपनी, इन कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्रों को खरीदने या बेचने की हकदार होगी।

(ङ) और (च) : वर्तमान में, विद्युत मंत्रालय/ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) कार्बन क्रेडिट के निर्यात पर किसी प्रकार के आंकड़ों का रख-रखाव नहीं करता है। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने *"पेरिस करार के अनुच्छेद 6 के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय निर्दिष्ट प्राधिकरण (एनडीएआईएपीए)' अधिसूचित किया है, जो प्रकार्यों की व्यवस्था तथा निष्पादन करेगा, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, पेरिस करार के अनुच्छेद 6 से संबंधित प्रासंगिक नियमों और तौर-तरीकों तथा कार्यपद्धतियों में निर्धारित किए दए दिशानिर्देशों और सामान्य मापदंडों के अनुसार परियोजनाएं प्राप्त करना अथवा मूल्यांकन संबंधी गतिविधियां करना तथा मेजबान पक्षकारों द्वारा अनुमोदन प्राप्त करना शामिल है।*

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1175

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

डिस्कॉम का बकाया

1175. श्री मोहन मंडावी:
श्री दिलीप शइकीया:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:
श्री अरूण साव:
श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:
श्री देवजी पटेल:
श्री विजय बघेल:
श्री सुनील कुमार सिंह:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड, राजस्थान और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित वर्तमान में विद्युत कंपनियों (डिस्कॉम) की उत्पादन कंपनियों (जेनकॉस) के लिए कुल देय राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का केंद्र, भारतीय रिजर्व बैंक और राज्यों के बीच त्रिपक्षीय समझौते के संगत प्रावधानों को लागू करने का विचार है ताकि करों में संबंधित राज्यों के हिस्से से बकाया राशि को घटाकर बकाया राशि की वसूली की जा सके;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : प्राप्ति पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, दिनांक 30.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार आपूर्तिकर्ता (अर्थात् स्वतंत्र विद्युत उत्पादक (आईपीपी), केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) एवं नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) उत्पादकों) की ओर से विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉमों) की कुल देय राशियां इस प्रकार हैं: -

क्र.सं.	विवरण	राशि करोड़ रुपए में
1	शेष पिछली देय राशियां (6 ईएमआईयों के भुगतान के पश्चात)	1,01,158.66
2	वर्तमान देय राशियां (विवादित को छोड़कर और डिफ़ॉल्ट ट्रिगर तिथि से पहले)	34,359.18
3	डिफ़ॉल्ट ट्रिगर तिथि के बाद विवादित राशियों को छोड़कर अतिदेय राशियां	25.20

दिनांक 30.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार, डिस्कॉमों द्वारा और प्राप्ति पोर्टल पर दी गई कुल देय राशियों के राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए है।

(ख) और (ग) : देय राशियों के भुगतान में निरंतर चूक होने के मामलों में, केंद्र सरकार देय राशियों की वसूली के लिए केंद्र, आरबीआई और राज्य सरकार के बीच त्रि-पक्षीय करार (टीपीए) करती है।

(घ) : डिस्कॉमों से उत्पादन कंपनियों की प्राप्ति योग्य बकाया राशियों से उत्पन्न होने वाली नकदी प्रवाह की समस्याओं को पहचानते हुए और विद्युत क्षेत्र मूल्य श्रृंखला में भुगतान अनुशासन लागू करने के लिए, भारत सरकार ने दिनांक 3 जून, 2022 को विद्युत (विलंबित भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2022 लागू किए हैं। इन नियमों में डिस्कॉमों के लिए दिनांक 03.06.2022 को विद्यमान अपनी पिछली देय राशियों का समयबद्ध ढंग से, बराबर मासिक किश्तों में दिनांक 03.06.2022 के बाद विलंबित भुगतान अधिभार की गैर-प्रयोज्यता के लाभों के साथ, निपटान करने की बाध्यता की गई है। इन नियमों में भुगतान सुरक्षा तंत्र की स्थापना के माध्यम से वर्तमान देय राशियों के समयबद्ध निपटान के लिए एक कार्य-ढांचा और खुली पहुँच की क्रमिक निकासी के निरुत्साहन के साथ-साथ, विदयुत विनियमों, यदि इन नियमों के उपबंधों का पालन नहीं किया जाता है तो, का प्रावधान भी किया गया है। उत्पादन कंपनियों को अपनी पिछली देय राशियों का भुगतान करने के लिए डिस्कॉम पीएफसी लिमिटेड और आरईसी लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम(आरडीएसएस) के अंतर्गत, स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए डिस्कॉमों के मूल्यांकन के लिए परिणाम मूल्यांकन फ्रेमवर्क के अंतर्गत डिस्कॉमों द्वारा एलपीएस नियमों का अनुपालन करना निर्धारित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय ने राज्य डिस्कॉमों/ट्रांसकोज़/जेनकोज़ को कार्यशील पूंजीगत ऋण संस्वीकृत करने के लिए अतिरिक्त विवेकसम्मत दिशानिर्देश लागू किए हैं। इसमें अनिवार्य रूप से यह वर्णन है कि डिस्कॉमों और अन्य राज्य के स्वामित्व वाली यूटिलिटियों को ऋण निर्धारित शर्तों के निमित्त उनके निष्पादन पर निर्भर करेगें। अन्य शर्तों के साथ-साथ विवेकसम्मत मापदंडों में, डिस्कॉमों द्वारा एलपीएस नियमों का अनुपालन शामिल है। विद्युत मंत्रालय ने डिस्कॉमों/ट्रांसकोज़/जेनकोज़ को कार्यशील पूंजीगत ऋण प्रदान करने के लिए संशोधित अतिरिक्त विवेकसम्मत मापदंड अपनाने और इन्हें लागू करने हेतु अन्य सभी वित्तीय संस्थाओं/बैंकों से भी अनुरोध किया है।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1175 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

दिनांक 30.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार डिस्कॉमों और प्राप्ति पोर्टल से उपलब्ध कुल देयराशियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्रम सं.	राज्य	डिस्कॉम्स	राशि करोड़ रूपये में		
			पिछली देयराशियां	वर्तमान देयराशियां (विवादित और डिफ़ॉल्ट ट्रिगर तिथि से पहले को छोड़कर)	अतिदेय राशियां ट्रिगर तिथि के बाद विवादित को छोड़कर
1	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश सेंट्रल पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	8,568.37	28.48	-
		आंध्र प्रदेश ईस्टर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड		53.86	-
		आंध्र प्रदेश पावर परचेज कॉर्डिनेशन समिति		945.03	0.13
		आंध्र प्रदेश साउथर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड		251.45	0.09
2	अरूणाचल प्रदेश	अरूणाचल पावर डिस्ट्रीब्यूशन डिपार्टमेंट	-	52.37	-
3	असम	असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	-	507.77	-
4	बिहार	नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	214.76	885.14	-
		साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	273.58	1,056.67	-
5	चंडीगढ़	चंडीगढ़ इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट	-	7.17	0.02
6	छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	3,537.70	844.74	0.00
7	दिल्ली	बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड	-	283.70	-
		बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड	-	62.62	-
		दिल्ली टाटा पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड	-	436.13	-
		नई दिल्ली नगरपालिका परिषद	-	0.84	-
8	दादरा नगर एवं हवेली और दमन एवं दीप	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	265.53	-
9	गोवा	गोवा पावर डिपार्टमेंट	-	56.27	-
10	गुजरात	गुजरात ऊर्जाविकास निगम लिमिटेड	-	2,709.84	0.00
11	हरियाणा	हरियाणा पावर परचेज सेंटर	-	1,099.14	0.00
12	हिमाचल प्रदेश	हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड	-	199.65	-
13	जम्मू एवं कश्मीर	जम्मू एवं कश्मीर राज्य पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड	10,081.44	376.76	0.06
14	झारखंड	झारखंड बिजली निगम लिमिटेड	4,420.20	450.53	-
15	कर्नाटक	बेंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	6,274.50	1,162.09	0.22
		चामुंडेश्वरी इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1,091.80	245.24	-
		गुलबरगा इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	1,761.68	329.56	-
		हुबली इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	2,077.96	530.25	0.24
		मंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड	109.62	23.18	-

16	केरल	केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड	-	872.15	12.13*
17	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड	7,224.67	2,330.93	0.01
18	महाराष्ट्र	बेस्ट अंडरटेकिंग	-	2.14	-
		महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	14,963.44	3,738.74	0.00
19	मणिपुर	मणिपुर स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	80.63	64.11	0.03
20	मेघालय	मेघालय पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	75.81	-
21	मिजोरम	मिजोरम पावर डिपार्टमेंट	-	54.60	12.49**
22	नागालैंड	नागालैंड पावर डिपार्टमेंट	-	56.50	-
23	ओडिशा	ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ ओडिशा	-	627.18	-
24	पुद्दुचेरी	पुद्दुचेरी पावर डिपार्टमेंट	-	189.78	-
25	पंजाब	पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	1,699.22	-
26	राजस्थान	अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड	2,343.60	699.38	-
		जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड	5,523.18	1,038.92	-
		जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड	5,177.77	890.19	-
27	सिक्किम	सिक्किम पावर डिपार्टमेंट	-	7.49	-
28	तमिलनाडु	तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	14,752.71	4,132.46	-
29	तेलंगाना	तेलंगाना स्टेट नॉदर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी	2,035.51	344.67	-
		तेलंगाना स्टेट साउदर्न पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी	4,897.53	1,179.02	-
30	त्रिपुरा	त्रिपुरा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	135.11	-
31	उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5,748.00	3,962.55	-
32	उत्तराखंड	उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-	47.96	-
33	पश्चिम बंगाल	दामोदर वैली कॉर्पोरेशन	-	65.28	-
		पश्चिम बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड	-	559.79	-
	कुल जोड़		**1,01,158.66**	**34,359.18**	**25.20**

*केरल राज्य ने अतिदेय राशि का भुगतान किया और वर्तमान में नियमों के अनुसार विनियमन के अधीन नहीं है।

**नियमों के अनुसार मिजोरम राज्य विनियमों के अधीन है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1196

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

अवैध विद्युत कनेक्शनों की समस्या

1196. श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री श्रीरंग अप्पा बारणे:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पूरे देश में अवैध विद्युत कनेक्शनों और बिजली चोरी की अनवरत समस्या की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बिजली की चोरी का विद्युत क्षेत्र के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान अवैध कनेक्शनों और बिजली की चोरी के अन्य मामलों के कारण हुई तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) हानि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध प्रस्तावित दंडात्मक कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ङ) देश में बिजली की चोरी को रोकने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(च) क्या सरकार का राज्यों के परामर्श से देश में बिजली की चोरी रोकने के लिए कोई योजना तैयार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख) : अवैध विद्युत कनेक्शनों और विद्युत की चोरी विद्युत की खराब गुणवत्ता जैसे परिणामी प्रभावों से वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करती है। सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटीएंडसी) हानि डिस्कॉमों के निष्पादन के प्रमुख संकेतकों में से एक है, जिसमें विद्युत चोरी का प्रभाव भी शामिल है। विद्युत चोरी रोकने के लिए पर्याप्त उपाय करना संबंधित वितरण यूटिलिटियों की प्रमुख जिम्मेदारी होती है। तथापि, भारत सरकार समय-समय पर शुरू की गई विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत इस उद्देश्य के लिए वित्तपोषण उपलब्ध कराकर राज्यों/वितरण यूटिलिटियों के प्रयासों का अनुपूरण करती है। एटीएंडसी हानियों को

कम करने और विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार के लिए, भारत सरकार ने संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) शुरू की है। इस स्कीम का लक्ष्य, अखिल भारतीय आधार पर, एटीएंडसी हानियों को वर्ष 2024-25 तक 12-15% की श्रेणी तक कम करना है।

(ग) : अवैध कनेक्शन और विद्युत की चोरी विद्युत वितरण यूटिलिटियों की एटी एंड सी हानियां होने के कई कारणों में से एक है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) द्वारा प्रकाशित 'पावर यूटिलिटीज के निष्पादन संबंधी रिपोर्ट' के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2018-19 से वित्तीय वर्ष 2020-22 के दौरान, विभिन्न कारकों के कारण देश में हुईं कुल एटीएंडसी हानियां नीचे दी गई हैं:

राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े	**वित्तीय वर्ष 2018-19**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**	**वित्तीय वर्ष 2020-21**	**वित्तीय वर्ष 2021-22 (अनंतिम)**
एटी एंड सी हानियां (%)	21.64	20.73	22.32	16.68

एटीएंडसी हानियों के राज्य-वार तथा यूटिलिटी-वार आंकड़े **अनुबंध** में दिए गए है।

(घ), (ङ) और (च) : भारत सरकार द्वारा विद्युत की चोरी को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. विद्युत अधिनियम 2003 में विद्युत के अनधिकृत उपयोग और चोरी से संबंधित विशिष्ट प्रावधान(धारा 126 और धारा 135 से 140) हैं, जिसमें ऐसे अपराधों के लिए विशेष न्यायालयों द्वारा कड़े दंडात्मक प्रावधान और त्वरित सुनवाई के लिए प्रावधान (विद्युत अधिनियम 2003 का भाग XV) शामिल है।

ii. आरडीएसएस के अंतर्गत, मार्च, 2025 तक 25 करोड़ उपभोक्ताओं के लिए प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने और संचार सुविधाओं के साथ सिस्टम मीटरिंग के लिए पात्र डिस्कॉमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। इस स्कीम के अंतर्गत, चोरी के मामलों का पता लगाने के लिए स्मार्ट मीटर के माध्यम से उत्पन्न आंकड़ों का विश्लेषण करने और प्रणाली से उत्पन्न ऊर्जा लेखाकंन रिपोर्टों से कार्रवाई योग्य एमआईएस तैयार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) जैसी उन्नत आईसीटी का लाभ उठाया जाएगा ताकि डिस्कॉमों को हानि में कमी के साथ-साथ विद्युत चोरी के संबंध में उचित निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाया जा सके।

iii. साथ ही, स्कीम के अंतर्गत, एबीसी केबल/यूजी केबल/एचवीडीएस आदि के उपयोग से हानियों और विद्युत चोरी को कम करने के उपायों सहित वितरण अवसंरचना के उन्नयन के लिए पात्र डिस्कॉमों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इससे विद्युत की चोरी सहित वितरण यूटिलिटियों की हानियों को कम करने में मदद मिलेगी।

iv. विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 के अनुसार, वितरण अनुज्ञप्तिधारी फीडर वार कटौती आंकड़े, कटौतियों को कम करने के लिए किए गए प्रयासों, विद्युत की चोरी अथवा अनाधिकृत उपयोग अथवा इसमें छेड़छाड़, विद्युत संयंत्र, विद्युत लाइनों अथवा मीटर को संकट या क्षतिग्रस्त होने से रोकने और वर्ष के दौरान प्राप्त परिणामों को अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का प्रबंध करेगा।

v. टैरिफ नीति, 2016 में यह परिकल्पना की गई है कि विद्युत की चोरी को कम करने के लिए, वितरण कंपनियों के पास वितरण प्रबंधन प्रणाली और ऊर्जा लेखापरीक्षा प्रकार्यों के साथ वितरण स्काडा जैसी सक्षम सुविधा होनी चाहिए।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1196 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

एटी एंड सी हानियों के राज्य-वार और यूटिलिटी-वार ब्यौरे

	वर्ष 2018-19	वर्ष 2019-20	वर्ष 2020-21
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	**23.43**	**23.34**	**51.94**
आंध्र प्रदेश	**25.67**	**10.77**	**27.25**
अरुणाचल प्रदेश	**52.53**	**40.49**	**44.87**
असम	**20.19**	**23.39**	**18.73**
बिहार	**33.30**	**39.95**	**35.33**
चंडीगढ़	**13.50**	**15.86**	**11.89**
छत्तीसगढ़	**24.96**	**18.46**	**20.40**
दादरा एवं नगर हवेली	**5.45**	**3.56**	**5.17**
दमन एवं दीव	**6.19**	**4.07**	**4.48**
गोवा	**17.61**	**11.41**	**12.94**
गुजरात	**14.05**	**11.79**	**11.91**
हरियाणा	**18.08**	**18.26**	**17.05**
हिमाचल प्रदेश	**12.46**	**13.33**	**14.02**
जम्मू एवं कश्मीर	**49.94**	**60.46**	**59.28**
झारखंड	**28.33**	**37.13**	**41.36**
कर्नाटक	**19.82**	**17.58**	**15.36**
केरल	**9.10**	**13.12**	**7.76**
लक्षद्वीप	**26.82**	**13.69**	**11.63**
मध्य प्रदेश	**36.63**	**30.38**	**41.47**
महाराष्ट्र	**15.80**	**19.24**	**26.55**
मणिपुर	**25.26**	**23.30**	**20.33**
मेघालय	**35.22**	**31.67**	**30.88**
मिजोरम	**16.20**	**20.66**	**36.53**
नागालैंड	**65.73**	**64.79**	**60.39**
ओडिशा	**31.55**	**28.94**	**29.32**
पुद्दुचेरी	**19.77**	**18.45**	**19.92**
पंजाब	**11.28**	**14.35**	**18.03**
राजस्थान	**28.25**	**29.86**	**26.23**
सिक्किम	**41.83**	**28.77**	**29.37**
तमिलनाडु	**17.86**	**15.00**	**13.81**
तेलंगाना	**18.41**	**21.92**	**13.33**
त्रिपुरा	**38.03**	**35.71**	**37.36**
उत्तर प्रदेश	**33.19**	**30.05**	**27.45**
उत्तराखंड	**17.45**	**20.35**	**15.39**
पश्चिम बंगाल	**23.00**	**20.40**	**21.35**
राज्य क्षेत्र	**22.44**	**21.50**	**23.01**
दिल्ली	**9.12**	**8.26**	**8.87**
बीआरपीएल	9.04	8.33	9.70
बीवाईपीएल	10.76	8.54	9.41
टीपीडीडीएल	7.99	7.96	7.39
गुजरात	**5.20**	**4.59**	**6.46**
टोरेंट पावर अहमदाबाद	5.81	5.07	6.76
टोरेंट पावर सूरत	3.71	3.43	5.66
महाराष्ट्र	**8.11**	**9.06**	**8.85**
एईएमएल	8.11	9.06	8.85
उत्तर प्रदेश	**9.36**	**9.73**	**9.77**
एनपीसीएल	9.36	9.73	9.77
पश्चिम बंगाल	**9.23**	**9.25**	**13.17**
सीईएससी	9.73	9.52	14.04
आईपीसीएल	2.68	5.87	3.52
निजी क्षेत्र	**8.29**	**7.95**	**9.27**
कुल जोड़	**21.64**	**20.73**	**22.32**

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1204

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

स्वतंत्र विद्युत उत्पादक

1204. श्री पी. वेलुसामी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्य सरकारों द्वारा स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों पर देय कुल राशि और तमिलनाडु सरकार द्वारा देय राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य के स्वामित्व वाली विद्युत वितरण कंपनी तमिलनाडु जेनेरेशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएएनजीईएनडीसीओ) ने इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंस सर्विसेज (आईएलएफएस) की बकाया राशि का भुगतान कर दिया है;

(ग) यदि हां, तो आज की तिथि तक कितनी राशि वसूल की गई है और स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों पर कितनी राशि बकाया है;

(घ) क्या केंद्र सरकार तमिलनाडु को रियायती दर पर विद्युत प्रदान करेगी क्योंकि राज्य आज की तिथि के अनुसार राज्य विद्युत की भारी कमी का सामना कर रहा है;

(ङ) यदि हां, तो ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) वन नेशन वन ग्रिड के कार्यान्वयन के लिए उठाए गए/उठाए जाने के लिए प्रस्तावित कदम क्या हैं; और

(छ) संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक ग्रिड को लाने की अनुमानित तिथि क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों तथा प्राप्ति पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 31.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार, स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) पर विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉमों) की कुल देय राशियां नीचे दी गई हैं:

क्र. सं.	**विवरण**	**सभी डिस्कॉमों की कुल आईपीपी देय राशियां (करोड़ रुपए में)**	**टैंजेडको की कुल आईपीपी देय राशियां (करोड़ रुपए में)**
1	शेष पिछली देय राशियां (6 ईएमआईयों के भुगतान के पश्चात)	14,953.40	6,595.23
2	वर्तमान देय राशियां (डिफ़ॉल्ट ट्रिगर तिथि ** से पहले और विवादित राशि को छोड़कर)	7,619.78	987.31

*विरासती देय राशियां: विद्युत (विलंबित भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2022 के अनुसार, दिनांक 3 जून, 2022 से पहले की देय राशियां

**डिफॉल्ट ट्रिगर तिथि: नियमानुसार, वर्तमान देय राशियों का भुगतान न किए जाने की स्थिति में, भुगतान की देय तारीख के पश्चात एक माह या उत्पादन कंपनी, विद्युत व्यापार अनुज्ञप्तिधारी अथवा पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने के पश्चात ढाई माह, जैसा भी मामला हो, जो भी बाद में आए।

(ख) और (ग) : तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (टैंजेडको) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों और प्राप्ति पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 31.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार, इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंस सर्विसेज (आईएल एंड एफएस) की कुल देय राशियां नीचे दी गई हैं:

क्र.सं.	**टैंजेडको पर आईएल एंड एफएस तमिलनाडु पावर कंपनी लिमिटेड की देय राशियां**	**राशि (करोड़ रुपए में)**
1.	पिछली देय राशियां (6 ईएमआईयों के भुगतान के पश्चात)	1,815.82
2.	वर्तमान देय राशियां (डिफ़ॉल्ट ट्रिगर तिथि से पहले और विवादित राशि को छोड़कर)	199.95

(घ) और (ङ) : विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 के अनुसार, समुचित विद्युत विनियामक आयोग किसी उत्पादक कंपनी द्वारा वितरण लाइसेंसधारी को विद्युत की आपूर्ति करने, विद्युत के पारेषण, विद्युत की व्हीलिंग और विद्युत की खुदरा बिक्री के लिए विद्युत टैरिफ का निर्धारण करता है। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 61 और टैरिफ नीति में समुचित आयोग द्वारा टैरिफ का निर्धारण करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत तथा निबंधन एवं शर्तें उपलब्ध हैं।

(च) और (छ) : प्रारंभ में, राष्ट्रीय ग्रिड के निर्माण के लिए क्षेत्रीय ग्रिडों का एकीकरण शुरू करने के लिए, नियंत्रित विद्युत प्रवाह के लिए एचवीडीसी लिंक के माध्यम से क्षेत्रीय ग्रिडों को आपस में जोड़ा गया था। वर्ष 1992 में पूर्वी क्षेत्र (ईआर)-उत्तर पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) के बीच प्रथम अंतर-क्षेत्रीय एसी लिंक (220 केवी) स्थापित किया गया था। पूर्वी क्षेत्र-पश्चिमी क्षेत्र को जोड़ने वाली 400 केवी राउरकेला-रायपुर डबल सर्किट (डी/सी) लाइन की स्थापना के साथ वर्ष 2003 में बड़े स्तर पर ग्रिड एकीकरण शुरू हुआ। वर्ष 2013 में 765 केवी सोलापुर-रायचूर लाइनों को शुरू करने, पश्चिमी क्षेत्र (डब्ल्यूआर)-दक्षिणी क्षेत्र (एसआर) को जोड़ने, "वन नेशन-वन ग्रिड-वन फ्रीक्वेंसी" को पूरा करने के पश्चात सिंक्रोनस नेशनल ग्रिड की स्थापना की गई थी। जनवरी, 2019 में, 220 केवी श्रीनगर-लेह पारेषण प्रणाली चालू की गई थी, जिसने दूरस्थ लेह क्षेत्र को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ा।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1205

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत जारी धनराशि

1205. श्री तोखेहो येपथोमी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नागालैंड राज्य में मार्च, 2018 से दिसंबर, 2022 तक दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस), सौभाग्य, उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत जारी की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या उक्त विद्युत परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख) : दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), एकीकृत विद्युत विकास स्कीम (आईपीडीएस) और सौभाग्य के अंतर्गत किसी भी राज्य/जिले के लिए निधियों का कोई अग्रिम आवंटन नहीं किया गया था। पिछली किस्तों में जारी की गई निधियों के सूचित किए गए उपयोग तथा निर्धारित शर्तों को पूरा करने के आधार पर किस्तों में संस्वीकृत परियोजनाओं के लिए निधियां जारी की गईं। डीडीयूजीजेवाई, आईपीडीएस और सौभाग्य स्कीमें दिनांक 31.03.2022 को समाप्त हो गई थीं। डीडीयूजीजेवाई, सौभाग्य तथा आईपीडीएस के अंतर्गत संस्वीकृत/जारी की गई निधियों के वर्ष-वार ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

(करोड़ रुपये में)

डीडीयूजीजेवाई तथा सौभाग्य के अंतर्गत नागालैंड को जारी (और उपयोग किया गया) अनुदान							
स्कीम	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**कुल**	**उपयोग किया गया**
सौभाग्य	34	0	0	15	0	49	49
डीडीयूजीजेवाई (आरई और अतिरिक्त इंफ्रा सहित)	55	24	11	51	-	141	118

आईपीडीएस: आईपीडीएस के अंतर्गत, उप-पारेषण एवं वितरण सुदृढ़ीकरण कार्यों (एसटीएंडडी) तथा उद्यम संसाधन आयोजना (ईआरपी) के लिए परियोजनाओं को नागालैंड के दो (02) सर्किलों के लिए संस्वीकृत किया गया था, जिसमें 12 पात्र शहर शामिल थे। परियोजनाओं के मार्च, 2022 की अंतिम समय-सीमा के भीतर राज्य द्वारा पूर्ण तथा समाप्त होने की घोषणा कर दी गई है। परियोजना-वार विवरण निम्नानुसार हैं:

(करोड़ रूपये में)

परियोजना	**परियोजना समापन लागत**	**परियोजना समापन लागत के आधार पर भारत सरकार का अनुदान**	**भारत सरकार का संवितरित संचयी अनुदान**
एसटीएंडडी	115	98	96
ईआरपी	16	13	12
कुल	131	111	108

आईपीडीएस के अंतर्गत नागालैंड के लिए संस्वीकृति तथा संवितरण के वर्ष-वार ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

(करोड़ रुपये में)

वित्तीय वर्ष	**परियोजना समापन लागत (संचयी)**	**भारत सरकार का संस्वीकृत अनुदान (संचयी)**	**भारत सरकार का संवितरित अनुदान**
वित्तीय वर्ष 2016-17	131	111	4
वित्तीय वर्ष 2017-18			7
वित्तीय वर्ष 2018-19			8
वित्तीय वर्ष 2019-20			74
वित्तीय वर्ष 2020-21			-
वित्तीय वर्ष 2021-22			16
कुल	131	111	108

उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय)- राज्य-स्वामित्व वाली विद्युत वितरण कंपनियों के वित्तीय तथा प्रचालनात्मक कायापलट के लिए नवंबर, 2015 में उदय की शुरुआत की गई थी। उदय के अंतर्गत, भारत सरकार से कोई वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान नहीं था।

संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस)- भारत सरकार द्वारा अनुमोदित "संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम: जो एक सुधार-आधारित तथा परिणाम-संबद्ध स्कीम" है, की शुरूआत वित्तीय रूप से संवहनीय तथा प्रचालनात्मक रूप से कुशल वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता तथा विश्वसनीयता में सुधार करने के उद्देश्य से दिनांक 30.06.2021 को की गई थी। इस स्कीम का उद्देश्य वर्ष 2024-25 तक एटीएंडसी हानियों को 12-15% के अखिल भारतीय स्तर तक कम करना तथा एसीएस-एआरआर अंतरालों को समाप्त करना है। आरडीएसएस के अंतर्गत, स्मार्ट मीटरिंग कार्यों और हानि को कम करने संबंधी कार्यों को हाल ही में संस्वीकृति दी गई है। नागालैंड राज्य के लिए आरडीएसएस के अंतर्गत संस्वीकृत कार्यों के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1205 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

(करोड़ रुपये में)

स्मार्ट मीटरिंग कार्य - संस्वीकृति के ब्यौरे						हानि को कम करने संबंधी कार्य - संस्वीकृति के ब्यौरे							
परियोजना लागत	पीएमए प्रभार	पीएमए सहित परियोजना लागत	परियोजना के लिए जीबीएस (प्रोत्साहन और पीएमए को छोड़कर)	चरण -1 के लिए प्रोत्साहन	पीएमए के लिए जीबीएस	पीएमए सहित परियोजना लागत के लिए जीबीएस	परियोजना लागत	पीएमए प्रभार	पीएमए सहित परियोजना लागत	परियोजना के लिए जीबीएस	पीएमए के लिए जीबीएस	पीएमए सहित परियोजना लागत के लिए जीबीएस	प्रतिभाग संबंधी वित्तपोषण
206.41	1.16	207.57	46.44	12.18	1.044	47.484	385.4	5.78	391.18	346.86	5.202	352.062	39.118

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1210

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

नए कोयला चालित संयंत्र

1210. श्री मनोज कोटक:

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार विद्युत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कम उत्पादन लागत के कारण कोयले से चलने वाले नए संयंत्रों का निर्माण करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) कोयले से चलने वाले नए ताप विद्युत उत्पादन संयंत्रों की स्थापना के लिए निर्धारित स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार पहले से मौजूद संयंत्रों की विद्युत उत्पादन की क्षमता में वृद्धि करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले ताप विद्युत संयंत्रों का अधिग्रहण करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ) : विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 7 के अनुसार, "कोई भी उत्पादन कंपनी निर्दिष्ट ग्रिड से संयोजना से संबंधित तकनीकी मानकों को पूरा करती है तो इस अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति/अनुमति प्राप्त किए बिना किसी उत्पादन केंद्र की स्थापना, उसका प्रचालन और रख-रखाव कर सकती है। तदनुसार, ताप विद्युत परियोजनाओं की संस्थापना के लिए सरकार की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है।" केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विद्युत संयंत्रों की क्षमता वृद्धि की निगरानी करता है। देश में कोयला आधारित ताप विद्युत उत्पादन की क्षमता बढ़ाने के लिए 12580 मेगावाट (मेगावाट) की क्षमता वाली 8 केंद्रीय क्षेत्र की ताप विद्युत परियोजनाएं और 13660 मेगावाट की क्षमता वाली 11 राज्य क्षेत्र की ताप विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों के स्थान का विवरण **अनुबंध** पर दिया गया है।

(ङ) : विद्युत मंत्रालय के पास विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले ताप संयंत्रों का अधिग्रहण करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****

अनुबंध

लोकसभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1210 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

भारत में निर्माणाधीन ताप विद्युत परियोजनाओं की सूची

(दिनांक 25.01.2023 तक की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं.	परियोजना का नाम	राज्य	विकासकर्ता	यूनिट सं.	क्षमता (मेगावाट)	एलओए तिथि	प्रत्याशित परीक्षण की तिथि
केंद्रीय क्षेत्र							
1	बाढ़ एसटीपीपी-I	बिहार	एनटीपीसी	यू-2	660	मार्च-2005	मार्च-2023
				यू-3	660	मार्च-2005	मार्च-2024
2	उत्तरी करनपुरा एसटीपीपी	झारखंड	एनटीपीसी	यू-2	660	फरवरी-2014	नवंबर-2023
				यू-3	660	फरवरी-2014	मार्च-2024
3	तेलंगाना एसटीपीपी चरण- I	तेलंगाना	एनटीपीसी	यू-1	800	फरवरी-2016	फरवरी-2023
				यू-2	800	फरवरी-2016	जून-2023
4	तलचेर टीपीएस, चरण-III	ओडिशा	एनटीपीसी	यू-1	660	सितंबर-2022	नवंबर-2026
				यू-2	660	सितंबर-2022	मई-2027
5	पतरातू एसटीपीपी	झारखंड	पीवीयूएनएल	यू-1	800	मार्च-2018	जून-2024
				यू-2	800	मार्च-2018	दिसंबर-2024
				यू-3	800	मार्च-2018	मार्च-2025
6	बक्सर टीपीपी	बिहार	एसजेवीएन	यू-1	660	जून-2019	दिसंबर-2023
				यू-2	660	जून-2019	मार्च-2024
7	घाटमपुर टीपीपी	उत्तर प्रदेश	एनयूपीपीएल	यू-1	660	अगस्त-2016	मई-2023
				यू-2	660	अगस्त-2016	अगस्त-2023
				यू-3	660	अगस्त-2016	नवंबर-2023
8	खुर्जा एससीटीपीपी	उत्तर प्रदेश	टीएचडीसी	यू-1	660	अगस्त-2019	फरवरी-2024
				यू-2	660	अगस्त-2019	अगस्त-2024
	उप-जोड़				**12580**		
राज्य क्षेत्र							
9	एन्नोर एससीटीपीपी	तमिलनाडु	टेनजेडको	यू-1	660	सितंबर-2014	मार्च-2024
				यू-2	660	सितंबर-2014	मई-2024
10	उत्तरी चेन्नई टीपीपी चरण-III	तमिलनाडु	टेनजेडको	यू-1	800	जनवरी-2016	मार्च-2023
11	उडानगुडी एसटीपीपी चरण-I	तमिलनाडु	टेनजेडको	यू-1	660	दिसंबर-2017	मार्च-2024
				यू-2	660	दिसंबर-2017	जून-2024
12	यदाद्री टीपीएस	तेलंगाना	टीएसजेनको	यू-1	800	अक्तूबर-2017	जून-2023
				यू-2	800	अक्तूबर-2017	अगस्त-2023
				यू-3	800	अक्तूबर-2017	दिसंबर-2023
				यू-4	800	अक्तूबर-2017	अप्रैल-2024
				यू-5	800	अक्तूबर-2017	अगस्त-2024
13	जवाहरपुर एसटीपीपी	उत्तर प्रदेश	यूपीआरवीयूएनएल	यू-1	660	दिसंबर-2016	जून-2023
				यू-2	660	दिसंबर-2016	दिसंबर-2023
14	ओबरा-सी एसटीपीपी	उत्तर प्रदेश	यूपीआरवीयूएनएल	यू-1	660	दिसंबर-2016	जून-2023
				यू-2	660	दिसंबर-2016	दिसंबर-2023
15	पनकी टीपीएस एक्सटेंशन	उत्तर प्रदेश	यूपीआरवीयूएनएल	यू-1	660	मार्च-2018	जनवरी-2024
16	डॉ. नाला टाटा राव टीपीएस चरण-V	आंध्र प्रदेश	एपीजेनको	यू-1	800	दिसंबर-2015	मार्च-2023
17	श्री दामोदरन संजीवाय टीपीपी चरण-II	आंध्र प्रदेश	एपीपीडीसीएल	यू-1	800	नवंबर-2015	फरवरी-2023
18	भुसावल टीपीएस	महाराष्ट्र	महाजेनको	यू-6	660	जनवरी-2018	जून-2023
19	सागरदीघी ताप विद्युत संयंत्र फेज-III	पश्चिम बंगाल	डब्ल्यूबीपीडीसीएल	यू-1	660	दिसंबर-2018	सितंबर-2024
	उप-जोड़				**13660**		
	कुल जोड़				**26240**		

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1223

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य संकेत

1223. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्रीन मार्केट को मजबूत करने और प्रतिस्पर्धात्मक मूल्यों के संकेत देने हेतु सरकार द्वारा किए गए/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार इस संबंध में क्या प्रगति हुई है;

(ग) ग्रीन डे अहेड मार्केट (जी-डीएएम) और ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (जी-टीएएम) जैसे नए उत्पादों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में क्या-क्या लाभ होना अपेक्षित है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ) : विद्युत मंत्रालय ने ग्रीन मार्केट को मजबूत करने तथा प्रतिस्पर्धात्मक मूल्यों के संकेत उपलब्ध कराने हेतु निम्नलिखित पहलें की हैं:

1. नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र के विनियंत्रण के लिए, अर्थात आरई की उपलब्धता और उपयोग में आने वाली बाधाओं को दूर करने तथा लंबे समय से खुली पहुंच के विकास में बाधा डालने वाले मुद्दों का समाधान करने के लिए, विद्युत (हरित ऊर्जा खुली पहुंच के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा का संवर्धन) नियम, 2022 जारी किए गए हैं। ये नियम खुली पहुंच सीमा को 1 मेगावाट से घटाकर 100 किलोवाट कर देते हैं, जो छोटे उपभोक्ताओं के लिए भी आरई खरीदने का मार्ग प्रशस्त करते हैं और कैप्टिव उपभोक्ताओं के लिए कोई सीमा नहीं है।

2. विद्युत (मस्ट-रन विद्युत संयंत्र से विद्युत उत्पादन का संवर्धन) नियम, 2021 अधिसूचित किए गए हैं, जिसमें यह प्रावधान है कि मस्ट रन विद्युत संयंत्र से विद्युत आपूर्ति में कटौती करने की स्थिति में, आरई उत्पादक को पावर एक्सचेंज में विद्युत विक्रय करने और लागत की वसूली करने की भी अनुमति दी गई है।

3. दिनांक 30 जून, 2025 तक परियोजनाओं के लिए सौर तथा पवन ऊर्जा स्रोतों से उत्पादित विद्युत के पारेषण पर हानियों और अंतर-राज्यीय पारेषण प्रभारों की छूट नवीकरणीय ऊर्जा से विद्युत क्रय को सस्ता तथा प्रतिस्पर्धात्मक बनाएगी।

4. रियल टाइम मार्केट (आरटीएम) की शुरुआत जून, 2020 में की गई थी, इससे डिस्कॉम/क्रेता एक घंटे की अग्रिम सूचना देकर विद्युत क्रय कर सकते हैं और आरई उत्पादन के अनियमित तथा परिवर्तनशील स्वरूप के कारण ग्रिड प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

5. ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (जीटीएएम) तथा ग्रीन डे अहेड मार्केट (जी-डीएएम) विद्युत एक्सचेंजों के माध्यम से हरित ऊर्जा की खरीद को सक्षम बनाते हैं, जिन्हें बाध्यकारी संस्थाओं के नवीकरणीय क्रय दायित्व के रूप में माना जाता है।

6. नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) बाजार को दिनांक 5 दिसंबर, 2022 से पुनः अभिकल्पित किया गया है। आरईसी अवधि को किसी आधार तथा सहिष्णु मूल्य के बिना निरंतर बढ़ाया गया है। यह बाजार भी सौर तथा गैर-सौर खंडों के बजाय एकल आरईसी बाजार के साथ प्रतिस्थापनयोग्य बन गया है।

विद्युत एक्सचेंज में मौजूदा डे अहेड मार्केट (डीएएम) खण्ड के साथ-साथ, अक्तूबर, 2021 से नवीकरणीय ऊर्जा में विशिष्ट व्यापार की अनुमति के लिए, एक अतिरिक्त ग्रीन डे अहेड मार्केट (जीडीएएम) उपलब्ध है। प्रतिभागी अपनी बोली दो खंडों अर्थात्, अपनी पात्रता मापदंडों के आधार पर जीडीएएम और डीएएम में क्रय अथवा विक्रय के लिए इच्छुक मात्रा तथा मूल्य में प्रस्तुत करते हैं। प्रतिभागियों के पास चुनने का विकल्प है यदि वे जीडीएएम से डीएएम में अचयनित मात्रा को हस्तांतरित करना चाहते हैं और इसका अलग से मूल्य भी दे सकते हैं। बाजार का समाशोधन अथवा मूल्य का निर्धारण क्रमिक रूप से होता है अर्थात, पहले जीडीएएम का समाशोधन किया जाता है और उसके बाद डीएएम का समाशोधन किया जाता है। जीडीएएम में खरीददार द्वारा क्रय की गई विद्युत के आधार पर खरीददार आरपीओ क्रेडिट का दावा कर सकते हैं। डीएएम में समाशोधित किए गए आरई विक्रेता आरईसी जारी करने का दावा कर सकते हैं। अक्तूबर, 2021 से जनवरी, 2023 तक जीडीएएम में कुल कारोबार 4186.64 मिलियन यूनिट (एमयू) है।

अगस्त, 2020 से कार्यरत ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (जी-टीएएम) खंड में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन में व्यापार के लिए निविदा शामिल हैं। जी-टीएएम बाजार के भीतर तीन उप-खंड नामतः सौर, गैर-सौर और हाइड्रो शामिल हैं। सौर उप-खंड में, केवल सौर ऊर्जा स्रोतों से उत्पादित विद्युत का व्यापार किया जाता है एवं गैर-सौर उप-खंड में, सौर ऊर्जा स्रोतों के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पादित विद्युत का व्यापार किया जाता है तथा हाइड्रो उप-खंड में, केवल जल विद्युत स्रोतों से उत्पादित विद्युत का व्यापार किया जाता है, जो जल-विद्युत क्रय दायित्व (एचपीओ) के अनुपालन के लिए पात्र है। इस खंड के अंतर्गत, आरई का कारोबार इंट्रा-डे, डे अहैड आकस्मिकता, दैनिक, साप्ताहिक, मासिक और किसी भी दिन के एकपक्षीय निविदा की समय-सीमा के लिए किया जा सकता है जो प्रतिभागियों की आवश्यकता के अनुसार 90 दिनों तक विद्युत की लचीली खरीद उपलब्ध कराता है। अगस्त, 2020 से जनवरी, 2023 तक जीटीएएम में कुल कारोबार 8509.49 मिलियन यूनिट (एमयू) है।

जी-डीएएम और जी-टीएएम खंडों में माह-वार व्यापार संबंधी ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

आरई के क्रय और विक्रय के लिए बाजार आधारित अवसर नई आरई सक्षमताओं के तेजी से विस्तार में मदद करेंगे क्योंकि इससे आरई परियोजनाओं की व्यवहार्यता में निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।

****

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1223 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

जी-डीएएम क्षेत्र में माह-वार व्यापार (आईईएक्स, पीएक्सआईएल और एचपीएक्स सहित) नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

क्रम सं	माह	क्रय (एमयू)
1	अक्तूबर-21	19
2	नवंबर-21	149
3	दिसंबर-21	157
4	जनवरी-22	198
5	फरवरी-22	191
6	मार्च-22	205
7	अप्रैल-22	214.73
8	मई-22	493.17
9	जून-22	362.23
10	जुलाई-22	446.58
11	अगस्त-22	320.50
12	सितंबर-22	324.64
13	अक्तूबर-22	292.92
14	नवंबर-22	288.27
15	दिसंबर-22	237.97
16	जनवरी-23	285.15
	कुल योग	**4186.64**

जी-टीएएम क्षेत्र में माह-वार व्यापार (आईईएक्स, पीएक्सआईएल और एचपीएक्स सहित) नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

क्रम सं	माह	क्रय (एमयू)
1	अगस्त-20	2.93
2	सितंबर-20	82.85
3	अक्तूबर-20	208.39
4	नवंबर-20	164.28
5	दिसंबर-20	89.78
6	जनवरी-21	92.40
7	फरवरी-21	93.73
8	मार्च-21	51.46
9	अप्रैल-21	191.69
10	मई-21	357.74
11	जून-21	439.34
12	जुलाई-21	741.63

13	अगस्त-21	445.27
14	सितंबर-21	602.53
15	अक्तूबर-21	422.69
16	नवंबर-21	422.19
17	दिसंबर-21	447.88
18	जनवरी-22	237.65
19	फरवरी-22	655.52
20	मार्च-22	497.46
21	अप्रैल-22	328.74
22	मई-22	535.36
23	जून-22	234.02
24	जुलाई-22	193.43
25	अगस्त-22	177.98
26	सितंबर-22	154.69
27	अक्तूबर-22	141.27
28	नवंबर-22	153.23
29	दिसंबर-22	221.89
30	जनवरी-23	121.48
	कुल योग	**8,509.49**

****

अनुबंध-II

लोक सभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1223 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

आंकड़े मिलियन यूनिट में (एमयू)

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जी-डीएएम		जी-टीएएम		कुल	
		क्रय	विक्रय	क्रय	विक्रय	क्रय	विक्रय
1	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2	दिल्ली	204.66	3.46	59.61	18.30	264.28	21.75
3	हिमाचल प्रदेश	2.58	31.29	0.00	91.89	2.58	123.19
4	हरियाणा	79.63	0.01	65.97	0.00	145.60	0.01
5	जम्मू एवं कश्मीर	0.00	84.97	0.00	11.91	0.00	96.88
6	पंजाब	386.47	0.00	0.75	0.00	387.22	0.00
7	राजस्थान	25.93	27.56	2.29	21.81	28.21	49.36
8	उत्तराखंड	2.53	0.00	5.75	0.00	8.28	0.00
9	उत्तर प्रदेश	111.53	22.95	134.17	0.66	245.70	23.61
10	आंध्र प्रदेश	4.01	839.60	7.71	1.63	11.72	841.23
11	कर्नाटक	128.69	539.39	0.00	731.47	128.69	1270.86
12	केरल	55.46	24.21	0.00	0.20	55.46	24.41
13	पुद्दुचेरी	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
14	तेलंगाना	8.28	202.99	0.00	74.70	8.28	277.68
15	तमिलनाडु	39.53	0.11	0.00	0.00	39.53	0.11
16	बिहार	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
17	डीवीसी	230.35	0.00	27.62	10.50	257.97	10.50
18	झारखंड	114.80	0.00	0.00	0.00	114.80	0.00
19	ओडिशा	76.23	0.00	447.27	0.00	523.50	0.00
20	सिक्किम	0.00	5.01	0.00	0.90	0.00	5.92
21	पश्चिम बंगाल	37.12	0.00	58.32	0.00	95.44	0.00
22	छत्तीसगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
23	दमन एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली	140.80	0.00	74.91	0.93	215.71	0.93
24	गोवा डब्ल्यूआर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
25	गुजरात	317.40	0.00	289.49	27.14	606.89	27.14
26	मध्य प्रदेश	87.87	133.15	0.00	20.51	87.87	153.66
27	महाराष्ट्र	353.70	41.76	156.53	0.00	510.23	41.76
28	अरूणाचल प्रदेश	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
29	असम	151.03	0.00	0.00	0.00	151.03	0.00
30	मेघालय	5.80	0.00	0.23	0.00	6.04	0.00
31	मणिपुर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
32	मिजोरम	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
33	नागालैंड	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
34	त्रिपुरा	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल		**2564.40**	**1956.46**	**1330.62**	**1012.55**	**3895.02**	**2969.01**

*आंकड़े इस अवधि के लिए हैं: अप्रैल, 2022 से दिसंबर, 2022 तक

****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1237
जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

हरियाणा के सभी गांवों में बिजली

1237. श्री धर्मवीर सिंह:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का हरियाणा के सभी गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पूरी तरह से लागू कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो आज की तिथि तक कितने गांवों में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है और यदि नहीं, तो इसे कब तक पूरी तरह से लागू किए जाने की संभावना है; और

(ग) सरकार द्वारा ग्राम स्तर पर बिजली की आपूर्ति के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) : विद्युत समवर्ती सूची में शामिल है तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति/वितरण करना वितरण कंपनियों तथा संबंधित राज्य सरकारों और/अथवा राज्य विद्युत यूटिलिटियों द्वारा किया जा रहा है। भारत सरकार सभी घरों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) और एकीकृत विद्युत विकास स्कीम (आईपीडीएस) सहित अपनी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से राज्यों की सहायता कर रही है। हाल ही में शुरू की गई संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत, वितरण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य विद्युत वितरण यूटिलिटियों को वित्तीय सहायता दी गई है तथा इस स्कीम के अंतर्गत जारी की गई निधि सुधारों की शुरुआत करने और परिणामों की उपलब्धि से जुड़ी हुई है, जिसमें शहरी तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति के घंटों में सुधार करने के लिए ट्रेजेक्टरियाँ भी शामिल हैं।

सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटीज़) ने दिनांक 1 अप्रैल, 2019 के बाद से 24x7 विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कई राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अप्रत्याशित घटनाओं के कारण होने वाले नियोजित व्यवधानों और बाधाओं को छोड़कर 24x7 विद्युत आपूर्ति करने का दावा करते हैं।

हरियाणा के डिस्कॉम अर्थात उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएन) ने सूचित किया है कि यूएचबीवीएन के अधिकार-क्षेत्र में आने वाले 3590 गांवों में से 3263 गांवों को 24x7 घंटे आपूर्ति मिल रही है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने सूचित किया है कि डीएचबीवीएन के अधिकार-क्षेत्र में आने वाले 3665 गांवों में से 2431 गांवों को 24x7 घंटे आपूर्ति मिल रही है।

हरियाणा राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने म्हारा गांव जगमग गांव स्कीम के अंतर्गत हरियाणा के सभी गांवों को 24 घंटे विद्युत उपलब्ध कराने की आयोजना की है।

हरियाणा राज्य सरकार द्वारा गांवों को विश्वसनीय और चौबीसों घंटे आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:

i. आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने के लिए नए ट्रांसफार्मरों की संस्थापना तथा मौजूदा ओवरलोडिंग ट्रांसफार्मर का संवर्धन करना।
ii. घिसे हुए कंडक्टर को बदलना।
iii. 33 केवी सबस्टेशन पर स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर का निर्माण और वृद्धि।
iv. ओवरहैड कंडक्टर के स्थान पर केबल लगाना।
v. उपभोक्ता के परिसरों के बाहर मीटरों की संस्थापना करना।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1245

जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

डीडीयूजीजेवाई का कार्यान्वयन

1245. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:

श्री महेश साहू:

श्री राहुल कस्वां:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में महाराष्ट्र तथा ओडिशा के विभिन्न जिलों में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और यदि हां, तो अब तक प्राप्त लक्ष्य का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार प्रतिशत क्या है और यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) महाराष्ट्र और ओडिशा सहित देश में पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी धनराशि निर्धारित, संस्वीकृत और व्यय की गई है; और

(घ) वर्तमान वर्ष के दौरान विशेषकर महाराष्ट्र और ओडिशा में अ.जा./अ.ज.जा. बहुल कितने पिछड़े जिलों/गांवों का विद्युतीकरण किए जाने का लक्ष्य है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख) : भारत सरकार ने प्रत्येक आवासित गांव को विद्युत से जोड़ने तथा वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) प्रारंभ की। देश भर में दिनांक 28 अप्रैल, 2018 तक वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सभी आवासित गांव विद्युतीकृत हो गए हैं। इस स्कीम के अंतर्गत कुल 18,374 गांवों का विद्युतीकरण किया गया था। यह स्कीम दिनांक 31.03.2022 को समाप्त हो गई। महाराष्ट्र और ओडिशा राज्य में डीडीयूजेजवाई के अंतर्गत कार्य पूरे हो गए हैं। डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत, निर्धारित किए गए लक्ष्यों और सृजित अवसंरचना के राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं। महाराष्ट्र और ओडिशा राज्य में डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत सृजित अवसंरचना के जिले-वार ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं।

(ग) : डीडीयूजीजेवाई, जो अब दिनांक 31.03.2022 को बंद हो गई है, के अंतर्गत किसी भी राज्य/जिले को निधियों का कोई अग्रिम आवंटन नहीं किया गया था। संस्वीकृत परियोजनाओं के लिए पिछली किश्तों में जारी की गई निधियों के सूचित किए गए उपयोग और निर्धारित शर्तों को पूरा करने के आधार पर निधियां किश्तों में जारी की गई थी। डीडीयूजीजेवाई (आरई और अतिरिक्त अवसंरचना सहित) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान संस्वीकृत और व्यय की गई निधियों के राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरे **अनुबंध-III** में दिए गए हैं।

(घ) : राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश भर में दिनांक 28 अप्रैल, 2018 तक सभी आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांव विद्युतीकृत हो गए।

****

अनुबंध-I

लोकसभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1245 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

डीडीयूजीजेवाई (नई+अतिरिक्त इंफ्रा)

वर्ष 2014-15 से सृजित राज्य-वार वास्तविक अवसंरचना

दिनांक 31.03.2022

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	सृजित वास्तविक अवसंरचना																											
		सब-स्टेशन नए (सं.)			सब-स्टेशन संवर्धन (सं.)			वितरण ट्रांसफॉर्मर (सं.)			एलटी लाइन (सीकेएम)			एचटी लाइन (सीकेएम)			फीडर पृथककरण (सीकेएम)			उपभोक्ता मीटर (सं.)			डीटी मीटर (सं.)			फीडर मीटर (सं.)		
		लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%	लक्ष्य	उप.	%
1	अंडमान एवं निकोबार																			39200	39200	100%						
2	आंध्र प्रदेश	204	204	100%				18869	18869	100%	8055	8055	100%	6055	6054	100%				15779	15779	100%	3618	3618	100%	342	342	100%
3	अरूणाचल प्रदेश	5	5	100%				1928	1928	100%	3030	3030	100%	2692	2692	100%				95522	95522	100%	1623	1623	100%	377	377	100%
4	असम	22	22	100%	13	13	100%	21932	21932	100%	40081	40081	100%	16273	16273	100%							17118	17118	100%	257	257	100%
5	बिहार	288	288	100%	9	9	100%	82432	82432	100%	73782	73782	100%	25340	25340	100%	16735	16735	100%	2534576	2534576	100%						
6	छत्तीसगढ़	80	80	100%	82	82	100%	12176	12176	100%	13372	13372	100%	8313	8313	100%	4714	4714	100%	52819	52819	100%	837	837	100%	3390	3390	100%
7	दादरा एवं नगर हवेली													21	21	100%				300	300	100%	350	350	100%			
8	दिल्ली																											
9	गोवा							21	21	100%	56	56	100%	13	13	100%				94187	94187	100%						
10	गुजरात	15	15	100%	28	28	100%	18533	18533	100%	22070	22070	100%	10858	10858	100%				1656252	1656252	100%	57624	57624	100%			
11	हरियाणा	14	14	100%	19	19	100%	2761	2761	100%	1970	1970	100%	1432	1432	100%	184	184	100%	83723	83723	100%						
12	हिमाचल प्रदेश	14	14	100%	16	16	100%	315	315	100%	1452	1452	100%	345	345	100%	10	10	100%	122825	122825	100%	381	381	100%	15	15	100%
13	जम्मू एवं कश्मीर	20	20	100%	13	13	100%	7209	7209	100%	21091	21091	100%	5210	5210	100%	139	139	100%				280	280	100%			
14	झारखंड	109	109	100%	96	96	100%	56480	56480	100%	47430	47430	100%	16302	16302	100%	5577	5577	100%	348541	348541	100%				1017	1017	100%
15	कर्नाटक	4	4	100%	3	3	100%	13215	13215	100%	9000	9000	100%	10807	10807	100%	11783	11783	100%	2088412	2088412	100%	23790	23790	100%			
16	केरल	2	2	100%	6	6	100%	598	598	100%	3473	3473	100%	1287	1287	100%				2063687	2063687	100%	23436	23436	100%	97	97	100%
17	लद्दाख	1	1	100%				144	144	100%	432	432	100%	560	560	100%												
18	मध्य प्रदेश	145	145	100%	314	314	100%	41590	41590	100%	50069	50069	100%	30059	30059	100%	7086	7086	100%	436082	436082	100%				242	242	100%
19	महाराष्ट्र	210	210	100%	150	150	100%	11943	11943	100%	13213	13213	100%	7009	7009	100%	8871	8871	100%									
20	मणिपुर							937	937	100%	1664	1664	100%	793	793	100%				100000	100000	100%						
21	मेघालय	9	9	100%	2	2	100%	1825	1825	100%	9134	9134	100%	1616	1616	100%							999	999	100%	179	179	100%
22	मिजोरम				4	4	100%	368	368	100%	399	399	100%	432	432	100%				19133	19133	100%				232	232	100%
23	नागालैंड	6	6	100%				475	475	100%	719	719	100%	718	718	100%							697	697	100%	191	191	100%
24	ओडिशा	12	12	100%	164	164	100%	14228	14228	100%	11417	11417	100%	7146	7146	100%	1240	1240	100%	2271702	2271702	100%				902	902	100%
25	पुदुचेरी							28	28	100%	8	8	100%	38	38	100%				75609	75609	100%	1250	1250	100%			
26	पंजाब							7912	7912	100%	246	246	100%	3268	3268	100%	2032	2032	100%	189656	189656	100%						
